# पढो पंजाब पढ़ाओ पंजाब हिंदी टीम
## पाठ्यक्रम 2021-22

**अपने पुराने स्कूल के अध्यापक को पत्र लिखिए जिसमें उन्हें अच्छा पढ़ाने के लिए साधुवाद प्रकट किया गया हो तथा भविष्य में मार्गदर्शन की अपेक्षा की गयी हो।**

**1370, मॉडल टाऊन,**

**कपूरथला।**

**8 मई, 2021**

**आदरणीय गुरु जी,**

**चरण वंदना।**

**मैं आपका एक पुराना छात्र हूँ। मैं आपसे सरस्वती पब्लिक स्कूल, रामगढ़ में आठवीं कक्षा में पढ़ता था। मेरा नाम सोहन कुमार है। उस समय मेरा कक्षा का रोल नंबर सात था। आप हमें गणित पढ़ाते थे। आपके द्वारा हमें बड़ी लगन और मेहनत से पढ़ाया जाता था। आप हमें बहुत ही सरल व व्यावहारिक ढंग से पढ़ाते थे। इसके अतिरिक्त आप हमें बहुत ही ज्ञानवर्धक बातें भी बताते थे। आज मैं गौतम पब्लिक स्कूल, लखनऊ में पढ़ रहा हूँ। मेरे आज भी गणित में शत-प्रतिशत नम्बर आते हैं। मेरी गणित की अध्यापिका भी मुझसे बहुत खुश हैं। मैंने उन्हें आपके तथा आपके पढ़ाने के ढंग के बारे में बताया तो वह भी बहुत प्रभावित हुईं। मैं और मेरा परिवार यही मानता है कि यह सब आप ही के द्वारा उचित रूप में दी जाने वाली शिक्षा का परिणाम है।**

**मैं भविष्य में भी आपसे उचित मार्गदर्शन की अपेक्षा रखता हूँ।**

**धन्यवाद।**

**आपका शिष्य,**
**सोहन कुमार**

**तैयार कर्त्री:- मिस गुरप्रीत कौर, हिंदी शिक्षिका, स.ह. स्कूल, लापराँ, लुधियाना**
**संशोधन कर्त्री:- पंकज माहर, हिन्दी शिक्षिका, स.मा.स.स. स्कूल, लाडोवाली रोड, जालन्धर**